# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
## Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांकः परीक्षा/1507
दिनांकः 24.10.2019

**तत्काल/अति आवश्यक**

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक,
समस्त सम्बद्ध राजकीय/अनुदानित एवं
स्ववित्त पोषित महाविद्यालय/संस्थान,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

विषय : विश्वविद्यालय द्वारा नवम्बर–दिसम्बर 2019 में प्रस्तावित विषम सेमेस्टर परीक्षा हेतु समस्त परीक्षा केन्द्रों (महाविद्यालयों/संस्थानों) पर सी०सी०टी०वी० (ओडियों सहित)/डी0वी0आर0 की व्यवस्था अनिवार्य रूप से कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

जैसा कि आपको विदित ही है कि विश्वविद्यालय के सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों की विषम सेमेस्टर परीक्षा, नवम्बर–दिसम्बर 2019 में होनी प्रस्तावित हैं। सन्दर्भित परीक्षाओं हेतु बनाये जाने वाले परीक्षा केन्द्रों पर सी०सी०टी०वी० (ओडियो सहित)/डी०वी०आर० की व्यवस्था अनिवार्य रूप से करायी जानी है।

उक्त के सम्बन्ध में सन्दर्भित परीक्षाओं को सुचारू रूप से नकल विहीन सम्पन्न कराये जाने हेतु उत्तर प्रदेश शासन के आदेश पत्रांक संख्या 9/2018/1036/सत्तर–1–2018–16(9)/2018 के अनुपालन में सन्दर्भित परीक्षाओं हेतु बनाये गये समस्त परीक्षा केन्द्रों पर प्रत्येक कक्ष में सी०सी०टी०वी० (ओडियो सहित) लगाये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

अतः उक्त के सम्बन्ध में निदेशानुसार समस्त राजकीय/अनुदानित/स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों/संस्थानों में **अनिवार्य रूप से कक्ष के आगे व पीछे के भाग में दो कैमरों (ओडियो सहित)/डी०वी०आर० की व्यवस्था अतिशीघ्र करते हुये उक्त का लिंक अनिवार्य रूप से विश्वविद्यालय के सी०सी०टी०वी० नियन्त्रण कक्ष को आगामी परीक्षाओं से पूर्व प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें,** जिससे शासन के निर्देशानुसार आगामी परीक्षायें निर्विघ्न, नकल विहीन एवं सुचारू रूप से सम्पन्न करायी जा सकें।

भवदीय,

24/10/19
परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–**

01 सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
02 वैयक्तिक सहायक प्रति कुलपति को प्रति कुलपति जी के सूचनार्थ।
03 वैयक्तिक सहायक कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
04 वैयक्तिक सहायक परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
05 प्रभारी–सी०सी०टी०वी० नियंत्रण कक्ष, चौ0 चरण सिंह वि०वि०, मेरठ को आवश्यक कार्यवाही हेतु।

24/10/19
परीक्षा नियंत्रक

# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
## Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांकः परीक्षा/1508
दिनांकः 24.10.2019

**अति आवश्यक**

सेवा में,

1. **प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त सम्बद्ध राजकीय/अनुदानित/स्वःवित्त पोषित महाविद्यालय/संस्थान चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।**
2. **समस्त विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक, चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ।**

**महोदय/महोदया,**

आपसे अपेक्षा है कि आप विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जाने वाली समस्त परीक्षाओं से सम्बन्धित समय–समय पर निर्गत विभिन्न विज्ञप्तियों, सूचनाओं एवं नियम/परिनियम जो छात्रहित में विश्वविद्यालय वेबसाईट **www.ccsuniversity.ac.in** पर निर्गत किये जाते हैं, को अपने महाविद्यालय/संस्थान/विभाग के सूचना पट (Notice Board) पर सम्बन्धित छात्र/छात्राओं के सूचनार्थ अनिवार्य रूप से चस्पा/प्रदर्शित करते हुये समस्त छात्र/छात्राओं को अवगत कराया जाना सुनिश्चित करें, जिससे सूचना के अभाव में छात्र/छात्राओं को विश्वविद्यालय में अनावश्यक रूप से ना आना पड़े।

उक्त के अतिरिक्त आपसे यह भी अपेक्षा है कि आप अपने स्तर से ही समस्त सम्बन्धित छात्र/छात्राओं की समस्याओं का निवारण किया जाना सुनिश्चित करें।

सादर अवगत होने का कष्ट करें।

भवदीय,

24/10/19
परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–**

01 सचिव कुलपति को मा० कुलपति जी के सूचनार्थ।
02 वैयक्तिक सहायक प्रति कुलपति को प्रति कुलपति जी के सूचनार्थ।
03 वैयक्तिक सहायक कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
04 वैयक्तिक सहायक परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ प्रेषित।
05 प्रभारी–कमेटी सैल/परीक्षा/सम्बद्धता को सूचनार्थ प्रेषित।
06 प्रभारी–विश्वविद्यालय वेबसाईट को सूचनार्थ प्रेषित।

24/10/19
परीक्षा नियंत्रक